Title: Need to establish a university near Sahaswan in Badaun Parliamentary Constituency.-laid

डॉ. संघमित्रा मौर्य (बदायूं): मैं सरकार का ध्यान अपनी लोकसभा क्षेत्र बदायूं की ओर आकर्षित करना चाहती हूं । मेरे लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा सहसवान से बरेली स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले विश्वविद्यालय लगभग 110 किलोमीटर दूर है और छात्र छात्राओं को आने जाने में बहुत अधिक समय खर्च करना पड़ता है जिससे छात्र छात्राओं की पढ़ाई भी बाधित होती है और अभिभावकों को अतिरिक्त आर्थिक व मानसिक बोझ भी झेलना पड़ता है । महोदय यह हिस्सा आबादी के आधार पर भी बहुत बड़ा है । महात्मा ज्योतिबा फुले विश्वविद्यालय लगभग में लगभग 141 कॉलेज आते हैं । इतनी बड़ी संख्या में कॉलेज आने से बहुत सारे छात्र छात्राओं को बहुत सारी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है ।

अतः मेरी यह मांग है कि सहसवान के आसपास एक अन्य विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए जिससे सहसवान के साथ ही गुन्नौर इस्लामनगर के आसपास जगह के छात्र छात्राओं को इससे बड़ा लाभ मिलेगा ।